दिनांक : 02.02.2025 समय : 2.10 पीएम

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

सीतारामन-बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि केंद्रीय बजट कृषिए ग्रामीण समृद्धि और शहरी विकास पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। कल नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि बजट विकसित भारत की ओर अग्रसर होने का आधार तैयार करता है। उन्होंने कहा कि छह विशिष्ट सुधारों की पहचान की गई है जिन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

वित्त मंत्री ने कहा आम लोगों के हित का ध्यान रखते हुए संसद में अगले सप्ताह नया आय कर विधेयक पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर छूट सीमा सात लाख से बढ़ाकर बारह लाख रूपये किए जाने से एक करोड़ लोगों को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री-जापान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जापानी संस्कृति से परिचय लेकर वहां के निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करने तक की चार दिवसीय जापान यात्रा अत्यंत सुखद एवं सफल रही। उन्होंने कहा कि निश्चित ही जापान की यह यात्रा मध्यप्रदेश में निवेश के नये आयाम गढ़ेगी और फरवरी में भोपाल में आयोजित होने जा रही 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में सहयोगी देश के रूप में जापान की सहभागिता से दोनों देशों के बीच संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे।

आकाशवाणी-हर कंठ में भारत

संस्कृति मंत्रालय ने आकाशवाणी के सहयोग से आज नई दिल्ली के आकाशवाणी भवन में विशेष शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम हर कंठ में भारत का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम 16 फरवरी तक प्रतिदिन सवेरे साढ़े नौ से साढ़े दस बजे तक आकाशवाणी के 21 केंद्रों से सीधा प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्कृति मंत्रालय के सचिव अरुणीश चावला और प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ भी उपस्थित थीं।

## सूचना प्रसारण सचिव

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू ने आज भोपाल में चल रहे भोपाल साहित्य एवं कला महोत्सव में हिस्सा लिया। श्री जाजू ने यहां ष्म्गचमतपउमदजंस चवमजतलए उवतम ंतज वत ीमंतजष् विषय के एक सत्र में भाग लिया। श्री जाजू ने अपनी कविता और गजलों के बारे में जानकारी दी।

## राष्ट्रीय खेल

मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल 2025 में शानदार प्रदर्शन जारी है। आज निशानेबाजी में आशी चौकसे ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता है। इस बीच प्रदेश ने अब तक कुल 10 स्वर्णए 5 रजत और 4 कांस्य पदक जीते हैं।

## क्रिकेट

भारत और इंग्लैंड के बीच टी-20 क्रिकेट श्रृंखला का पांचवां और अन्तिम मैच आज शाम मुंबई में खेला जाएगा। मैच शाम सात बजे से शुरू होगा। भारत पहले ही श्रृंखला 3.1 से जीत चुका है।

आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का फाइनल आज मलेशिया के कुआलालंपुर में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हो रहा है। भारत को जीत के लिये 83 रनों का लक्ष्य मिला है।

समाचार संक्षेप में .....

- गुजरात के डांग जिले में आज तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस के खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई जिनमें दो महिलाएं और तीन पुरूष शामिल हैं। ये तीर्थयात्री गुनाए शिवपुरी और अशोक नगर जिलों से थे।
- आगरमालवा वनपरिक्षैत्र से राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार करते हुए एक आरोपी को वनकर्मियों ने पकड़ा है आरोपी के विरूद्ध वन्य अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।
- छतरपुर के महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।
- मुख्यमंत्री कन्या विवाह महोत्सव में शनिवार को मैहर जनपद पंचायत में 331 जोडों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। इनमें दो जोडो का निकाह भी हुआ।

...........